आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 21.09.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1— जीएसटी सुधारों के लागू होने की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कल से शुरू होगा जीएसटी बचत उत्सव—लोग कम कीमत पर खरीद सकेंगे पसंद की वस्तुएं।

2— खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर और बिलासपुर में किया गया 'नमो युवा रन' का आयोजन।

3— ईओडब्ल्यू ने आज शराब घोटाले और अवैध कोल लेवी वसूली मामले में छत्तीसगढ़ सहित झारखंड और बिहार में तलाशी अभियान चलाया।

**और**

4— सरगुजा जिले के ग्राम पंचायत रोपाखार में शुरू हुआ देश का पहला ग्रामीण गार्बेज कैफे़।

...................

**<u>प्रधानमंत्री—संबोधन</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार कल नवरात्रि के पहले दिन से लागू होंगे। आज शाम राष्ट्र को संबोधित करते हुए, श्री मोदी ने कहा कि जीएसटी बचत उत्सव कल से शुरू होगा और लोग अपनी पसंद की वस्तुएं कम कीमत पर खरीद सकेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कर प्रणाली को सरल बनाया है। उन्होंने बताया कि 2014 में सत्ता में आने के बाद, राज्यों और हितधारकों के साथ परामर्श के बाद उनकी सरकार ने जीएसटी को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्यों के प्रयासों से दर्जनों कर समाप्त कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यक वस्तुएं, दवाइयाँ, स्वास्थ्य बीमा आदि 5 प्रतिशत कर के दायरे में आ गए हैं।

श्री मोदी ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से गरीबों, नव मध्यम वर्ग और मध्यम वर्ग को दोहरा लाभ मिला है और अब उन्हें उपकरणों और वाहनों पर कम पैसा खर्च करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि होटलों की कीमतों में कमी आने से पर्यटन भी किफायती होगा।

**मुख्यमंत्री–जीएसटी**

मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय ने कहा है कि जीएसटी रिफॉर्म का असर हर क्षेत्र में होगा। इससे उद्योग, व्यापार में लाभ होगा। साथ ही कृषि यंत्र के दाम कम होंगे, जिससे किसानों को भी फायदा होगा।

**'नमो युवा रन'**

खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर और बिलासपुर में 'नमो युवा रन' का आयोजन किया गया। स्वस्थ और नशामुक्त भारत के लिए आयोजित इस दौड़ में हजारों युवाओं ने हिस्सा लिया। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रायपुर के तेलीबांधा तालाब के पास आयोजित कार्यक्रम स्थल से 'नमो युवा रन' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने युवाओं के साथ दौड़ लगाकर इसकी प्रतीकात्मक शुरूआत की। यह दौड़ सुभाष स्टेडियम में समाप्त हुई। वहीं, बिलासपुर में सीएमडी कॉलेज मैदान से शुरू होकर

यह दौड़ रीवर–व्यू रोड में संपन्न हुई। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से स्वस्थ और नशामुक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्प लेने की अपील की।

**ईओडब्ल्यू–तलाशी अभियान**

राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो–ईओडब्ल्यू ने आज शराब घोटाले और अवैध कोल लेवी वसूली मामले में छत्तीसगढ़ सहित झारखंड और बिहार में तलाशी अभियान चलाया। प्रेस विज्ञप्त जारी कर ईओडब्ल्यू ने बताया कि तलाशी में महत्वपूर्ण दस्तावेज, मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संपति संबंधी दस्तावेज और नगदी जब्त किए गए हैं। यह कार्रवाई शराब घोटाले से जुड़े व्यवसायी अवधेश यादव और उससे संबंधित व्यक्तियों पर की गई है।

वहीं, अवैध कोल लेवी वसूली मामले में जयचंद कोशले के रायपुर और जांजगीर–चांपा स्थित आवास पर ईओडब्ल्यू ने तलाशी अभियान चलाया। ईओडब्ल्यू ने बताया कि जयचंद कोशले सौम्या चौरसिया का मुख्य सहयोगी था, जिसके द्वारा अवैध कोल लेवी वसूली की राशि का लगभग पचास करोड़ रूपये का व्यस्थापन किया गया है।

**सेवा पर्व**

सेवा और सुशासन, यानी जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए लाए हैं कि कैसे मोदी सरकार ने यूपीआई क्रांति का नेतृत्व किया है, जिससे डिजिटल भुगतान सहज, सुरक्षित और सभी के लिए सुलभ हो गया है।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने तकनीक द्वारा संचालित एक गहन परिवर्तन देखा है। इस परिवर्तन के केंद्र में यूपीआई है– एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा 2016 में लॉन्च किया गया, यूपीआई ने कई बैंक खातों को एक ही मोबाइल एप्लिकेशन में एकीकृत करके देश के भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति ला दी है। यह प्रणाली निर्बाध धन हस्तांतरण, व्यापारी भुगतान और पीयर–टू–पीयर लेनदेन को सक्षम बनाती है। इस वर्ष अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूपीआई की शक्ति के बारे में बताया।**

**आज यूपीआई का दायरा उल्लेखनीय है। अकेले अगस्त 2025 तक, यूपीआई ने 20 अरब लेनदेन को पार कर लिया है। छत्तीसगढ़ के भिलाई नगर के व्यापारी सिध्दार्थ मिश्रा ने बताया कि यूपीआई आने के बाद व्यापार में आसानी हुई है और चिल्हर को लेकर होने वाली परेशानी भी काफी कम हो गई है।**

**भारत की डिजिटल भुगतान क्रांति अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गति पकड़ रही है। वर्तमान में यूपीआई संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर,भूटान, नेपाल, श्रीलंका, फ्रांस और मॉरीशस जैसे देशों में कार्यरत है। व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के लिए एक सहज, सुरक्षित और सुलभ मंच प्रदान करके, यूपीआई ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देश को नकदी रहित अर्थव्यवस्था की ओर तेज़ी से बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।**

**समाचार डेस्क, आकाशवाणी रायपुर**

**<u>सेवा पर्व–विशेष कार्यक्रम</u>**

आकाशवाणी रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा सेवा पर्व के तहत स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र मे पिछले ग्यारह वर्षों मे हासिल की गई उपलब्धियों पर छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से ली गई विशेष भेंटवार्ता का प्रसारण कल बाईस सितंबर को सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## गार्बेज कैफे

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत सरगुजा जिले के मैनपाट जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत रोपाखार में देश का पहला ग्रामीण गार्बेज कैफ़े शुरू किया गया। यह कैफ़े स्थानीय स्तर पर प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रहण और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन सरगुजा, एलआईसी एचएफएल ग्रीन टुमॉरो परियोजना तथा फिनिश सोसायटी की अनूठी पहल है। कैफ़े का संचालन कार्ब हट किचन, रोपाखार में किया जाएगा, जहां एक किलो प्लास्टिक देने पर नाश्ता मिलेगा और दो किलो प्लास्टिक देने पर भोजन की सुविधा उपलब्ध होगी।

जिला पंचायत सीईओ विनय कुमार अग्रवाल ने बताया कि इसका उद्देश्य लोगों को 'कचरा लाओ और खाना पाओ' जैसी सरल व्यवस्था से स्वच्छता के लिए प्रेरित करना है।" उन्होंने बताया कि कैफ़े से संग्रहित प्लास्टिक अपशिष्ट का निपटान जिला स्तरीय प्लास्टिक प्रोसेसिंग यूनिट में किया जाएगा। यहां स्व–सहायता समूह की महिलाएं इस प्लास्टिक से दाना, रस्सी और कुर्सी जैसे उपयोगी उत्पाद तैयार करेंगी।

## स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत इन दिनों प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में "स्वस्थ्य नारी, सशक्त परिवार" अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को ध्यान में रखते हुए "वूमेन वेलनेस वॉक" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने की। इस वॉक में महिलाओं ने लगभग पांच किलोमीटर की दूरी चल कर तय की। इसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ महिला ही सशक्त परिवार की नींव होती है और उन्हें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आवश्यक है। इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित सभी अधिकारी–कर्मचारियों और महिलाओं को स्वस्थ रहने और अपने परिवार को सशक्त बनाने की शपथ दिलाई।

वहीं, "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान" के तहत नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र में बीस सितम्बर को स्वास्थ्य दल इंद्रावती नदी को नाव से पार कर कोंडे ग्राम पहुंचा और स्वास्थ्य शिविर

लगाया। इस दौरान एक सौ बत्तीस मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही गर्भवती माताओं को प्रसव पूर्व देखभाल, पोषण, एनीमिया से बचाव और सुरक्षित मातृत्व के विषय में जानकारी दी गई।

**<u>संक्षिप्त समाचार</u>**

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल राजधानी रायपुर के सेरीखेड़ी में गुरु श्री तेगबहादुर सिंह जी की 350वीं शहादत शताब्दी के अवसर पर आयोजित नगर कीर्तन यात्रा में शामिल हुए।

– दुर्ग पुलिस ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर करीब सड़सठ लाख रुपए की ठगी के मामले में एक दंपत्ति को हिरासत में लिया है।

– कोरबा जिला के कटघोरा वनमंडल क्षेत्र के केंदई रेंज में हाथी के एक बच्चे की मौत का मामला सामने आया है।

– आदि कर्मयोगी अभियान के तहत बालोद जिले के एक सौ छियासी गांवों में आदि सेवा पर्व और सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आदि सेवा केंद्र स्थापित कर जनजातीय समुदाय के लिए एकल खिड़की सुविधा केंद्र बनाए जा रहे हैं।

और

– भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बालोद जिले में साइबर जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

><><><><><><><><><><><><><>